JULY2024

CAMPUSCHRONICLE

MAGAZINE DEVOTED TO THE YOUTH OF INDIA



BHARATDARPAN

THE VOICE OF BHARAT

WWW.CAMPUSCHRONICLE.IN

Table of Contents

Our Team	02
Editor's Note	03
भारतीय राष्ट्रवाद	04
Ideological Conflicts	06
हत्या या हादसा	07
Women in Bharat	11
कलरीपयट्टू और मीनाक्षी अम्मा	13
Caste Dynamics in Flux	16
स्वामी विवेकानन्द का आंतरिक संदेश	19
Reclaiming the fundamental duties	21
काव्यांजलि	23

BHARAT दर्पण

www.campuschronicle.in

Editor-in-Chief

Lakshya Gupta

EDITORIAL BOARD

Ankush Kumar
Prateek Pandey
Shubham Kumar Shanu
Somya Tiwari
Punyavee Mohan
Shivansh Saxena
Priyanka Sharma
Ayush Kumar
Sneha Singh
Anannya Chauhan
Prabhakar Mall

SPECIAL THANKS

Magazine Designing: Somya Tiwari

Proof Reading: Punyavee Mohan, Sneha Singh, Anannya Chauhan

Research Analysts: Ayush Kumar, Annanya Chauhan

CAMPUS CHRONICLE

ABOUT US

YUVA's debut magazine Campus Chronicle is a first of its kind, and holds the uniqueness of being an entirely student-run monthly magazine. It is a product of diligent efforts of nationally conscious students who strive to bring in a change through dialogue, debate and deliberations. Today, mainstream media is plagued by viciousness and selective reporting. In a country whose sustainable growth depends on how well it capitalises on its demographic dividend, the young minds cannot be left to be played with at the hands of mainstream media. Therefore, it has become very important to understand a comprehensive view of issues today. Campus Chronicle is a substantial step in that direction. It carries articles, opinions and columns on significant issues surrounding the youth of today. The magazine is broadly divided into two parts: 'Campus' and 'Academics'.

From The Editor



Lakshya Gupta

भारत.....

भारत एक ऐसा शब्द जो प्रत्येक भारतीय को गौरवशाली इतिहास की याद दिलाता है। भारत शब्द का वर्णन हमारे धर्म ग्रंथों में भी मिलता है।

उत्तरं यत्समुद्रस्य हिमाद्रेश्चैव दक्षिणम् ।
वर्षं तद् भारतं नाम भारती यत्र संततिः ॥

अर्थात् जो समुद्र के उत्तर में है और हिमालय के दक्षिण में है , उस देश का नाम भारत है और उसमे रहने वाले लोग भारतीय हैं।

भारत का जो भाव है। भारत का जो नजरिया है, उसको भारत दर्पण के माध्यम से बताने का प्रयास किया गया है। भारत राष्ट्र में और राष्ट्रीयता के भाव में राष्ट्रवाद है। जिसका वर्णन भी लेख के माध्यम से किया गया है। इसके अतिरिक्त समकालीन कुछ प्रमुख घटनाओं का वर्णन लेखों द्वारा किया गया है। साथ ही लेख के अलावा विद्यार्थियों ने कविता के माध्यम से भी विचार व्यक्त किया है। जिसने भारत दर्पण को आप लोगों के लिए और रोचक बना दिया है।

Lakshya

Editor-in-Chief

भारतीय राष्ट्रवाद

विपाशु गौतम

पिछले कई सौ वर्षों में झांक कर देखने पर हमने कई राष्ट्र बनते एवं बिगड़ते देखे हैं। कई राष्ट्र तो भाषा के आधार पर टूट कर अपना अस्तित्व ही खो बैठे। कई राष्ट्र अपना पुराना नाम तो अभी भी लिए हुए है लेकिन अपनी राष्ट्रीय विरासत यानी कि अपनी संस्कृति खो बैठे हैं। परंतु भारत ऐसा राष्ट्र है जिसकी संस्कृति और भौगोलिक एकता की समझ हजारों वर्षों से जीवित है ।

एक राष्ट्र के लिए उसकी संस्कृति ही उस राष्ट्र की आत्मा का कार्य करती है और उसकी भौगोलिक सीमाएं उसके शरीर के रूप में रहती है। एक स्वस्थ राष्ट्र के लिए ये दोनों ही आवश्यक है, परंतु शरीर का अंग काट जाए तो पीड़ा अवश्य होती है परंतु यदि आत्मा ही निकल जाए तो प्राण भी क्षीण हो जाते है और वह राष्ट्र एक मृत देह है जिसका अपना कोई इतिहास नहीं है। उस राष्ट्र के लोग जो अपनी संस्कृति को खो बैठे है, ऐतिहासिक एकता की समझ के अभाव में अपने मन में एक सच्ची राष्ट्रभक्ति तथा भाईचारे का भाव खो बैठने में समय नहीं लगता। इन लोगों की दूसरे राष्ट्र द्वारा भटकाया जा सकता है।

परंतु भारत एक ऐसा राष्ट्र है जिसकी संस्कृति जीवित है और वही संस्कृति इस राष्ट्र के भौगोलिक क्षेत्र को पवित्र मानती है और हमें इसकी सीमाओं की रक्षा के लिए प्रेरित करती है ।

हमारे राष्ट्र में पहाड़ों को गिरीराज, नदियों को मां के समान पूजा जाता है। धरती को भारत माता के रूप में पूजा जाता है, इस धरती का एक इंच भी कोई भारतीय देने के लिए क्यों तैयार होगा? यहां हर क्षेत्र एक तीर्थ के रूप में खड़ा है। हमें धरती की पवित्रता की यह सीख हमारे ग्रंथों में विद्यमान महापुरुषों द्वारा ही दी गई है। रामायण में जब रावण से युद्ध जीतने के बाद लक्ष्मण उस स्वर्णमयी लंका को देखकर मोहित हो जाते हैं तब मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम उनसे कहते है की –

अपि स्वर्णमयी लंका न मे लक्ष्मण रोचते।
जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी

अर्थात – हे लक्ष्मण! सोने की लंका भी मुझे नहीं रुचती। मुझे तो माता और मातृभूमि स्वर्ग से भी अधिक प्रिय है।

यहां यह सीख हमें दी गई है म्लेच्छ भूमि कितनी भी सुंदर एवं मनमोहक क्यों न हो, परंतु अपनी मातृभूमि ही स्वर्ग के समान होती है और हमें हमेशा इसकी रक्षा करनी चाहिए।

इस राष्ट्र की संस्कृति वेदों, उपनिषदों, पुराणों, इतिहास ग्रंथों, बुद्ध त्रिपिटक, जैन ग्रंथ आदि में धारण की हुई है । और यह सभी ग्रंथ हमें एकता का ही संदेश देते है ।

संगच्छध्वं संवदध्वं सं वो मनांसि जानताम्।

अर्थात् हम सब एक साथ चलें; एक साथ बोलें; हमारे मन एक हों।
ऐसा हमें वेद उपदेश करते हैं। यह हमारी एकता की भावना से भरी संस्कृति ही है जिसकी वजह से आज हमारा राष्ट्र गर्व से खुद को विश्व की प्राचीनतम सभ्यता कह सकता है।
हमारी भौगोलिक समझ हमारी सांस्कृतिक समझ से कभी कम नहीं रही है क्योंकि शरीर (सीमा) पर निरंतर आघात किए जाएंगे तो उस राष्ट्र के प्राण (संस्कृति) एक न एक दिन क्षीण हो ही जाएंगे। इसलिए इस धरती को एक सूत्र में बांधा गया है। हमारे पुराणों में इसकी समझ साफ दिखाई देती है।
उत्तरम् यत् समुद्रस्य हिमाद्रे: चैव दक्षिणम्। वर्षम् तद् भारतम् नाम भारती यत्र संतति: (विष्णु पुराण २.,३.१)।
समुद्र के उत्तर में और हिमालय के दक्षिण में जो देश है उसे भारत कहते हैं तथा उसकी संतानों (नागरिकों) को भारती कहते हैं।
भारत ने कभी विदेशी भूमि पर कब्ज़ा कर उनके लोगों पर अत्याचार या धर्म के आधार पर उत्पीड़न करने की नीयत नहीं रखी, परंतु अपनी सीमाओं की रक्षा करने में कभी झिझक नहीं दिखाई। कभी यदि हमारी धरती म्लेच्छों के अधीन भी हुई तो अनेकों शूरवीर पैदा हुए जिन्होंने इस धरती को स्वतंत्र करने के लिए अपनी प्राणों तक की आहुति दी। ये भारत के वीर पुत्र कभी चंद्रगुप्त तो कभी समुद्रगुप्त, स्कंदगुप्त हो या महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी महाराज हो या सुभाष चंद्र बोस किसी न किसी रूप में इस धरती की गरिमा को बनाए रखने के लिए प्राण तक दांव पर लगाए और इस धरती को स्वतंत्र करवाने में अहम भूमिका दी। आज भी हमारे वीर जवान सीयाचीन के बर्फीली ठंडी हवाओं में जहां शरीर भी जम जाता है वहां से लेकर जैसलमेर की तपती गर्मी में हमारे देश की सीमाओं की रक्षा करते है। नमन है ऐसे वीरों की ये प्रत्येक जवान अपने हृदय रूपी मंदिर के अंदर एक महाराणा, एक चंद्रगुप्त को धारण किए हुए है।
सीमाओं की रक्षा के साथ साथ हमारे राष्ट्र की आत्मा यानी की संस्कृति को भी संरक्षित करने तथा स्वच्छ रखने के लिए भी अनेकों महापुरुष समय समय पर आगे आए। प्राचीन काल के व्यास, गौतम आदि ऋषि से लेकर शंकराचार्य जिन्होंने भारत के चार भागों में चार मठों की स्थापना की। तुलसीदास जैसे कवि जिन्होंने रामायण को पुन: मुख्यधारा में लाया। महात्मा बुद्ध जैसे महान व्यक्ति जिन्होंने तर्क का महत्व बतलाया। महर्षि दयानंद सरस्वती जी ने वेदों की और लौटने का उपदेश दिया। इस प्रकार ये संस्कृति हमेशा जीवित रही।
हमारी संस्कृति ही हमें एक गौरवान्वित भारतीय होने का अवसर देती है। हमारी यही भावना को इस धरती को पवित्र मानती है और संस्कारों और ग्रंथो को अब भी उचित सम्मान देती है, इसी कारण आज हमारा राष्ट्र जीवित है। यह केवल एक भूमि का टुकड़ा न होकर एक महान सभ्यता है। इस राष्ट्र की गरिमा इसी प्रकार बढ़ती रहे ।

IDEOLOGICAL

CONFLICTS

By Shriya Mathur

First of all, what are ideological conflicts? It refers to the disagreements or clashes between different individuals and groups with fundamentally different belief systems, values, or principles. The conflicts arise generally when the people hold opposing views over anything; it can be anything, either the politics (like democracy vs. dictatorship), religion (the differences of views between Shivaite and Vaishnavite), economics (social economy or liberal one), social issues (views on the LGBTQ+ community), or ethics and morality. Having opinions promotes individuality, but it can also have certain negative effects, which are polarization, emotional intensity, personal attacks, social divisions, and conflict escalation. Ideological differences were raised during World Wars too, but the perfect example of ideological conflicts on the world level are cold wars that once divided the world. After World War II, the superpowers emerged: the United States and the Soviet Union, and the different ideologies set the stage for conflict. Each promoting their ideologies of capitalism and communism. It was characterized by nuclear arms races, espionage, and proxy wars. It not only affected the US and the Soviet Union but also other countries in the world and, of course, its citizens.

Considering ideological differences at the world level is more important than ideological differences of individuals or groups for several reasons, which are as follows: first, global ideological differences can lead to conflicts, wars, and geopolitical tensions, affecting millions of lives. Second, international relations because national interests, alliances, and international organizations are shaped by ideological differences. Third would be global governance: ideological differences influence decision-making on global issues like climate change, human rights, and economic policies. Fourth, security and stability, as the differences in opinions can lead to security threats, terrorism, and instability. Fifth, economic consequences because it can impact trade, investment, and economic development. Sixth, human rights and dignity, as ideological differences at the world level can affect human rights, dignity, and social justice. Seventh, environmental consequences, as conflict in views can influence environmental policies and sustainable development. Eighth, Technological Implications because global ideological differences can shape the development and use of emerging technologies.

Now the question arises: how to resolve the ideological conflicts that are bound to arise in a world full of diverse countries? It is possible by encouraging open communication and negotiations through dialogue and diplomacy. Foster tolerance and respect for diverse perspectives by showing empathy and understanding towards everyone. Establishing international institutions and processes for resolving disputes peacefully. Strengthening and upholding international laws and norms. By promoting critical thinking, strong media literacy, and fact-based information. Encouraging leaders to engage in diplomatic efforts and compromise. Fostering connections between citizens of the different countries will also increase the understanding and appreciation for various traditions and opinions. Addressing inequality and injustice and other global issues can also be helpful in resolving the issue. Celebrating diversity and promoting inclusive societies can promote peaceful environments and will increase cooperation in the world. Mahatma Gandhi ji has also quoted that “it is good to have differences, but it is not good to allow those differences to create conflicts.”.

In conclusion, as we move forward in an increasingly interconnected world, it is crucial that we prioritize understanding, empathy, and cooperation. Let us work together to create a global community that values diversity of thought and promotes peaceful resolution of ideological conflicts. The future of our world depends on it. In the face of ideological conflicts, we have a choice: to let our differences tear us apart or to use them as an opportunity for growth and understanding. Let us choose the path of wisdom, compassion, and cooperation and work towards a brighter future for all.

हत्या या हादसा ?

- सोनवीर चौधरी

राष्ट्र की सबसे ताकतवर शक्ति युवा शक्ति है, क्योंकि..... एक युवा ही नई ऊर्जा, नया जोश, नई सोच का स्त्रोत होता है।

ये शब्द हैं स्वामी विवेकानन्द जी के देश के युवाओं के बारे में, वो मानते थे कि भारत को आगे बढ़ना है तो, युवाओं को जगाना होगा, उनकी शक्ति, उनकी अतुलनीय व अनगिनत ऊर्जा को देश के विकास में और चरित्र निर्माण में लगाना होगा।

लेकिन इस देश का युवा समकालीन में सुरक्षित नहीं हैं, वो सुरक्षित होगा, तभी तो उसकी ऊर्जा को विकास में लगाना जाएगा।

बीते महीने की 27 जुलाई , दिन शनिवार को ऐसे ही तीन युवाओं को, इस देश की गंदी राजनीति, खोखला तंत्र और भ्रष्ट्राचार के हाथों अपनी जान से हाथ धोना पड़ा, वो युवा जो कभी भविष्य में IAS, IPS होते, जो इस देश की साख बढाते, वो युवा जो देश की सेवा करना चाहते थे, जो भ्रष्टाचार को कम करना चाहते थे और उसी भ्रष्ट्राचार ने उनकी दर्दनाक तरीके से जान लेली ।

"ये ओल्ड राजेन्द्र नगर है ना, यहाँ पर आपको जज्बो का, उम्मीदों का, निराशाओं का अनगिनत कहानियाँ सुनने मिलेगा ।"

ये शब्द हैं "द वायरल फीवर" द्वारा बनाई गई वेब सीरीज 'एसपामरेन्दस' (Aspirants) के, जिसने न जाने कितने ही युवाओं को सपने दिखाये होंगे, IAS, IPS और IFS बनने के बिए । सिनेमा में जो दिखाया जाता है, उससे वास्तविकता कोशों दूर है।

दरअसल, 27 जुलाई को दिल्ली में करीब 5 बजे, 15-20 मिनट बारिश के बाद, बारिश का सारा पानी सड़क पर उफ़न के बहने लगा, पानी को जहाँ से निकलना था, वहाँ उसे जगह न मिली, क्योंकि दिल्ली की जल निकासी व्यवस्था, इस देश के भ्रष्टाचार तले चौक हो चुकी थी, ठीक वैसे ही जैसे एम०सी०डी के अधिकारियों का घूस खा- खा कर मुँह चौक हो जाता है। पानी को जब रास्ता नहीं मिला तो उसने अपना खुद का रास्ता बनाया, तो वो रास्ता मिला एक बेसमेन्ट का, जहाँ , कुछ बच्चे अपने सजाए हुये सपनों को साकार करने के लिए मेहनत कर रहे थे, वो बच्चे जो कभी सरकारी अफसर होते, सपनों में मग्न और उन्हें पूरा करने की जिद और मेहनत में लगे हमारे युवा, हमारे UPSC Aspisants इस बात से अज्ञ थे कि पानी उनका काल बनकर आ रहा है।

हत्या या हादसा ?

राव आई.ए.एस स्टडी सर्कल संस्थान के बेसमेंट में बनी पुस्तकालय में पढ़ रहे वो विद्यार्थी जो इस निर्लज्ज शासन, कोचिंग माफियों के हत्ये अपनी जान गंवा बैठे। बियोमेट्रिक पुस्तकालय जो पानी के भराव से शार्ट हो चुकी भी और अन्दर फंसे बच्चों की जान हल्क में थी दरवाजा जब नहीं खुला तो, उन्होंने टेबल पर खड़ा होना शुरु किया, पानी का बहाव इतना तेज था कि तीन मिनट में 12 फीट पानी भर चुका था, साथ-ही- साथ बच्चों की जिन्दा रहने की उम्मीद भी मर चुकी थी, नतीजा ये हुआ कि वो निर्दोष तीन बच्चे इस गैर-कानूनी, घूसखोर सरकार, आलसी कर्मचारी और बच्चों का खून चूसने वाले कोचिन संस्थानों की गिरफ्त में आकर अपनी जान दे बैठे।

सवाल उठता है कि "क्या ये हादसा था या हत्या थी?

नीलेश राय, 26 वर्षीय यू.पी.एस.सी. की तैयारी कर रहा छात्र, जो आने वाले महीनों में मेन्स् की परीक्षा देने वाला था, जिसका UPSC का प्री- क्वालिफाई हो चुका था। वो छात्र 22 जुलाई को पटेल नगर में लाईट के करेन्ट से अपनी जान गंवा बैठा । लट्ठों पर तारों का लटका हुआ जखीरा उस होनहार छात्र की जान ले बैठा ।

पूछता हूँ क्या ये हादसा था ?

अंजलि गोपनारायण, 21 वर्षीय छात्रा, वो भी UPSC की छात्रा थी, कुछ सपने लेकर आई थी लेकिन इस देश की शोषण करने वाली जनता ने, उसकी जान ले ली, वो इस ओल्ड राजेंद्र नगर की जीवन शैली से तंग आ चुकी थी, मकान मालिक, ब्रोकर से तंग आकर उसने खुदखुशी कर ली अंजलि के अंतिम शब्द थे-

"मुठ्ठी में कुछ सपने लेकर भरकर जेबों में आशाएँ ।

• सहमी सी भी तब, जब मैंने ओआरएन की तरफ अपने कदम बढाए, मन परेशान, घर से दूर, दल्लों से जब हमने हाथ मिलाए

सामने कहा कि बुलाना भाई, पर पीछे से कुछ अलग रंग दिखाए ।

जानती नहीं थी तब, कि धंधा कैसे चलता है, सामने जो था मिट्ठू बना, वही मारक निकलता है।।

• मुनाफे के लिए वो अपने, स्टोर रूम जैसा कमरा दिखाएँ। गुजारिश भी करें हम कुछ पैसे कम करने की, तो उल्टा वो हमें ही धमकाएँ "

• इन्सान कहाँ है उनके लिए, सिर्फ पैसों पर उनका दिल पिघलता है।

और इस सब जद्दोजहद में, आँखों में आशा लेकर हताश बैठे अपने पिता को देखकर मेरा दिल जलता है।

सपने की सौदागरी में, उन्हें हम जैसा ग्राहक मिलता है जिसे जिन्दगी का भी सच मालूम नहीं, पर नौकरशाही में जगह बनाने को उसका दिल मचलता है।

• अब इतना पैसा देने के बाद पढाई पर उसका ध्यान होना चाहिए। पर आधा दिन तो उसका टिफिन कहाँ से लेना, बिल कम आए उसके लिए ऐ.सी. कब-कब चलानी है।
खुद को लूटने से कैसे बचाना है इसमें ही निकलता है।
खून चूसने वालों के बीच में रहकर, बच्चे को अपने ही घर बात करने का समय कहाँ निकलता है।

हत्या या हादसा ?

वहाँ 65 की उम्र के बुजुर्ग को, उम्र का न लिहाज है , न इल्म इस बात का, कि हम बच्चों की भी काई आवाज है।
• कभी खुद के बाप ने भी जैसे हाथ न पकड़ा था, इन महापुरुष ने उससे भी बुरी तरह मेरी कलाई को जो पकडा था।

• जब निकाल रहे ये मुझे ही मेरे कमरे से भरी दुपहर में तब शायद भूल गए थे कि इनकी भी कोई बेटी है घर में,

• वैसे तो बहुत अच्छे लोग थे वहाँ, जो दावा ये करते थे कि, होगी न परेशानी कोई, ज़रा भी हम बच्चों को ,
पर मदद की जब बारी आई, तो जाने सब थे कहाँ ।

आधी रात को जब नशे में धुत, इनका ही कोई बेटा हमारा दरवाजा पीटता है।

डर में चीखते - चिल्लाते हैं, मदद की गुहार लगाते हैं पर कोई हमारी न सुनता है।।

• दल्ले को फोन जब हम तीन मिलाते है, कुछ ऐसे वो हमें समझातें हैं, कि दरवाजा मत खोलना बस तुम, हम सुबह बात करते हैं।

क्या होता अगर उस रात वो अन्दर घुस आता, नशे में रहकर पता नहीं क्या- क्या कर जाता ।
कौन जिम्मेदारी लेता, जब दल्लों का किया गया हमारे माँ-बाप से वो वादा जो टूट जाता।
उनका तो बेटा था , पर हम थीं बाहर आई हुई बेटियाँ, अंत में हमारा ही मजाक बन जाता
• दुख हुआ, जब पता चला, पैसे के इस खेल में कितने मां बाप ने अपने बच्चों को खो दिया।
हमारी तो बात सिर्फ इज्जत की थी, पर उन्होंने तो अपनी जान को गंवा दिया ।

वहाँ कोई जिम्मेदारी नहीं लेता, सिर्फ पैसे उन्हें लुभाते हैं। वहाँ जा रहे हैं रहने के लिए आप, या रह रहे हैं अभी भी वहाँ,
तो ध्यान रखिये, आप अपनी जान की कीमत क्या लगाते हैं।

अंजलि के शब्द आपको काँपने पर मजबूर कर देंगे. रोने को मजबूर कर देंगे। आखिर शिक्षा की ये कीमत है इस देश में, चाणक्य, आर्यभट्ट न जाने कितने ही ऋषि-मुनियों के इस अनादि काल से चले आ रहे भारत में आज शिक्षा व्यवसाम बन चुकी है।, क्या सरकार सोई हुई है या सोने का नाटक करती है। क्या उनका मुंह पैसों से सिल दिया गया है कि विद्यार्थी की ऐसी हालत पर उन्हें कुछ बोलना नहीं है, कोई प्रतिक्रिया देनी नहीं है।
हजारों लाखों बच्चे, विद्यार्थी अपने सपने संजोये, आशा लिये आते हैं इस शहर में, एक दिन अधिकारी बनेंगे ,लेकिन उन्हें क्या पता होता है कि कुछ दिन बाद ही उनके माँ-बाप यहाँ से उनकी लाश (शव) ले जाऐंगे, उनके मरे हुने सपने ले जाऐंगे ।

'अनापत्ति प्रमाण पत्र' (NOC) न होने के बावजूद भी, बेसमेन्ट में कक्षाएं चलायी जाती है, जहाँ न कोई सुरक्षा है और न किसी आपातकालीन में निकले के लिए दरवाजा । संस्थाओं में फीस तो मोटी वसूल की जाती है (लगभग 2 लाख, केवल ५९ के लिए) लेकिन सुरक्षा के मामले में सब ठूस्स है, यहाँ बच्चों की जिन्दगी के साथ खिलवाड़ किया जाता है।

शिक्षा को व्यवसाय कैसे बनाया है?...
आइये देखते हैं-
जी०एस. कोर्स की फीस - करीब 2 लाख, वैकल्पिक विषस की फीस करीब 60 हजार, सी० सेंट 16000, उसके बाद अलग चार्ज होते हैं।, बच्चों के सपनों को खरीदा जाता है, उनकी भावनाओं की नाममात्र भी इज्जत न करके उनसे मोटा पैसा वसूला जाता है।
कोचिंग माफियाओं के अलावा भी, ओआरएन और मुखर्जी नगर जैसे संस्थाओं के हब स्थानों पर आए विद्यार्थी, जब रहने के लिए अपना कमरा ढूँढने जाते हैं तो उन्हें हर गली के कोने पर एक प्रॉपर्टी डीलर जरूर मिलेगा, जो कमरा दिखाने के मौके को पाकर मौटा पैसा वसूलने कोशिश करता है। डीलर लोग आपस में मिले होते हैं, इनका इन जगहों पर एक पूरा नेटवर्क होता है जो सिर्फ विद्यार्थी को लुभाते ही नहीं बल्कि उन्हें जर्जर, सीलन की बदबू बिना खिड़की वाला कमरा दिखाकर, कमरे के किराये के आधे जितना कमीशन खाते है और सुरक्षा की गारंटी नहीं देते। जरुरत के समय जब विद्यार्थी मदद मांगने जाते हैं तो पल्ला झाड़कर अलग हो जाते हैं।

हत्या या हादसा ?

ORN, करोल बाग, पटेल नगर, मुखर्जीनगर, नेहरु विहार, आदि कुछ स्थान जहाँ पर बच्चे ज्यादा तादात में तैयारी करने आते हैं, वहाँ के ओनर्स ईन डीलरों के साथ मिलकर बच्चों से जितना पैसा खींच सके, वो कोशिश करते हैं।, कर न देना पड़े इसके लिए वो कैश में पैसा लेते हैं। ORN जेसी जगहों पर जहाँ 3-3 और 4 4 के कमरों का किराया करीब 18-24 हजार होता है। सोचने वाली बात है कि विद्यार्थियों के माँ-बाप द्वारा मेहनत से कमायी गई रकम को ये लोग मुफ्त में लूटते है। इतना पैसा खाने के बावजूद भी बच्चे की कोई सुरक्षा नहीं। किराया एक दिन देरी से मिले तो कमरा छोड़ने के लिए धमकी देते हैं, बाहर निकालने की धमकी देते हैं। पैसे के साथ-साथ न जाने कितने ही विद्यार्थियों को, ये सब मिलकर हत्या करके हैं खा जाते हैं और डकार भी नहीं लेते।

दिल्ली सरकार चिल्ला - चिल्लाकर कहती है कि दिल्ली में फ्री पानी की व्यवस्था है और 200 यूनिट मुफ्त बिजली, इसके अलावा भी owners सव-मीटर लगाकर 10-15 रुपये, यूनिट विजली का बिल वस्रलते हैं। इन जगहों के इतने नरभक्षी लोग हैं कि मानवता इनके अन्दर से मर चुकी है। इनको पैसा चाहिए, पैसे के चक्कर में ये लोग इतने निर्लज्ज, कपटी, कमीने और अमानवीय व्यवहार करने लग गए है कि खुदा भी अपनी बनाई इस मानव रूपी मायावी चीज को देखकर रोता होगा। इतना पैसा खर्च करने के अलावा भी, विद्यार्थियों को ORN और मुखर्जी जैसे जगहों पर सुरक्षा, शुद्ध वातावरण और नहाने व पीने के लिए स्वच्छ पानी भी नहीं मिलता । पानी से बदबू आती है, रास्तों पर जब निकलते हैं तो लगता है कि कचरे के कुएं में फेंक दिया गया है, जहाँ दम घुटकर मृत्यु हो जाएगी।

सफाई का कहीं नाम नहीं मिलता, नालों से पानी ओवरफ्लो होता है, और सड़क पर आ जाता है।

इन सब के अलावा, जब विद्यार्थी अपने शरीर का अंग - अंग काटकर अपनी जरूरत के लिए इन भिखमंगों को दे देते हैं तो कुछ ढाबा वाले टिफिन सर्विस वाले बच्चों के हाड़ चाटने के लिए तैयार बैठे होते हैं, मैगी 50 रुपये, थाली 100 rupye,

रात 11-12 बजे के बाद इन चीजों के दाम और बढ़ जाते हैं।, बेस्वाद, बासी भोजन को विद्यार्थी अपने सपनों की खातिर खुशी-खुशी खाते हैं और बिना शिकायत किए खाते हैं।

क्या यही है, स्वामी जी के सपनों का युवा,क्या इतना करने के बाद भी इस युवा में ताकत बच पाएगी, क्या वो आगे जाकर देश को संभाल पाएगा।

देश की सेवा की कसमें खाने वाले विद्यार्थी यहाँ के भ्रष्टाचार, अमानवीय व्यवहार और कुकर्म को देखकर, जब वो एक IAS व IPS बनते हैं तो वो उस पद का फायदा उठाकर, अपने शरीर से काटी गई चर्बी को भरने की कोशिश करते हैं. और इस तरह वो भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ते हैं।-

सोचिए, सोचने को मजबूर होइए, क्या इसके अलावा भी कहीं नर्क है, अगर भगवान ने कहीं नर्क की रचना की है तो वो इस नर्क से तो लाख गुणा बेहतर होगा जहाँ इस तरह से पीड़ाएँ ,प्रताड़नाएं और शौषण नहीं किया जाता होगा।

कौन जिम्मेदार है इस सबका ? कौन दोषी नहीं है?

क्या दिल्ली सरकार दोषी नहीं है? LG सहाब की नीतियों दोषी नहीं है ?
भ्रष्ट MCD अधिकारी दोषी नहीं हैं?
कोचिंग माफिया दोषी नहीं है? प्रॉपर्टी डीलर्स, ब्रोकर दोषी नहीं है?

इन सबका यह तंत्र मिला हुआ है जो सिर्फ आम जनता और मेहनती विद्यार्थियों का शोषण कर उन्हें लूटता है।

"टूटे हुये सपनों की कौन सुने सिसकी ,
अन्तर की चीर व्यथा पलकों पर ठिठकी।

अटल बिहारी वाजपायी -

श्रेया यादव, तान्या सोनी, नीलेश राय और नविन डालविन को भावपूर्ण श्रृद्धांजलि ।

WOMEN IN BHARAT

UNVEILING THE TRUTH

By Priyanshi Sahu

"यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः, यत्रैतास्तु न पूज्यन्ते सर्वास्तत्राफलाः क्रियाः" echoes a verse from the Manusmriti (chapter 3, verse 56). Rendered in English, it means 'where women are worshiped, the gods reside; but where women are not revered, all good deeds become fruitless'. This stands in stark contrast to the misleading portrayal of ancient India by the biased western media, as retrogressive and pejorative to women. Moreover, they unjustly blamed Sanatan Dharma to conveniently mask their lies. Women in ancient Bharat have always been empowered and enjoyed equal status as men, a narrative often overshadowed by the media and books. The present-day ill-practices against women are associated with the invasion of arbitrary Abrahamic forces.

For centuries, women have been considered as embodiment of Shakti in Bharat. Shakti in Hinduism is the 'universal power' which is the energy that drives the entire universe, it is creation, protection, and nourishment. In Hinduism, knowledge and wealth have also been represented as divine feminine, and personified as goddesses, Mahalakshmi and Saraswati. They are worshipped in every Hindu household. In Hindu families, daughters are seen as embodiment of Devi Lakshmi, who considered to bring good luck and prosperity in their families.

Indian scriptures have given females an equal status as that of males. In Hinduism, Ardhanarishvar is a form of lord Shiva and Shakti merged as equal halves, symbolising the unity and balance of masculine and feminine energies in the universe. It represents the importance and oneness of both genders. In the Vedas, both men and women have been given the equal right to perform religious rituals. The Vedic period had set equal rights for both males and females in terms of education, property, and social orders. Women enjoyed freedom of speech and liberty at that time.

Females in Bharat have played significant roles in the Vedic era. They received adequate education and were encouraged to study the Vedas, Upanishads, and other sacred texts. They were allowed to learn and teach various subjects, including mathematics, astronomy, and medicine. Co-education was a practice during that time as both men and women received equal attention from the teacher. The women who chose Vedic education and attaining higher knowledge were called 'brahmavadinis'. Those who chose to marry were known as 'sadyodvahas' and studied the Vedas till marriage. In the Kshatriya societies, women were trained with martial arts and arms. Females wrote and composed hymns, poems and excelled in fine arts.

Many prominent female figures appear in Indian texts, both in divine and human forms. Women like Gargi, Maitreyi and Lopamudra were renowned Vedic philosophers and scholars. They are well known for their intelligence and wisdom and have authored several hymns and verses in the Rigveda.

In Indian marriages, the wife is known as 'ardhangini', meaning that she is the 'better-half' of a man without whom, his life will be incomplete. Married women were given an equal status as their husbands in the Vedic era and had equal shares in their property. Kshatriya women could choose their grooms in an event known as 'swayamvara'. Women were allowed to divorce and even remarry under certain conditions. A widowed woman was never ill-treated during that period, unlike the harsh behaviours against them that came up in the later years. Widows could choose to take 'sanyaasa' or choose remarriage in special conditions. The historical narrative of Bharat also has mentions of brave female warriors and even rulers. Some of them are Vishpala, from the Rigveda, Kaikeyi from the Ramayana, and Shikhandi from Mahabharata. Even during the post-Vedic period, women have ruled in many parts of Bharat under many dynasties. Even King Ashoka sent her daughter Sanghmitra to Shri Lanka for propagation of Budhism.





Bharat in the Vedic age was the only large society that focused on women empowerment. Sadly, due to the tyrannic Islamic invasions, this golden age of women empowerment was eclipsed. These invaders brought with them the Abrahamic traditions to Bharat which restrict women the access to education and career opportunities. Their norms expect women to take on more domestic responsibilities. They introduced the purdah system in Bharat, which forced women to use veil to conceal themselves from public observation. Women started staying indoors as they were forcibly taken away from their homes by the authorities under these fanatic rulers, and were raped, trafficked, and married against their will. Their inhumane practices against women like kidnapping, torturing, and using them as sex slaves gave birth to practices like female homicide, sati. It should be noted that these practices never existed in the Vedic period. The access to education and participation in social activities were restricted, and their freedom was curtailed during the medieval period.

Unfortunately, some of these practices are continued in many parts of India. In the recent decades, practices like dowry and casteism became more rigid. Post-independence, India's constitution recognized gender equality without struggling much, for example the right to vote was given to women immediately after independence, unlike the west where women must fight for decades to secure their right to vote. Today, the Indian government has introduced many laws to protect females' rights, including equal wages, inheritance of property and allowed them to join the armed forces. Although there are adequate laws to counter the crimes against women such as domestic violence, rape, and dowry; there is a need for better implementation and timely discharge of judgements.

For years, a distorted lens has been used to view Bharat's progressive history, efficiently brainwashing the globe into believing that the Indian culture has been demeaning to women. It is time to uncover this prevailing brainwashed narrative and re-establish the status women enjoyed in Bharat earlier.

कलरीपयट्टू और मीनाक्षी अम्मा

– राजदीप सिंह

भारतीय सभ्यता के विकसित मानव आज से लगभग 3000 वर्ष ईसा पूर्व ताम्रपाषाण काल में अस्त्रों-शास्त्रों का प्रयोग करते थे जिनके प्रमाण हमें भीमबैठिका जैसी गुफाओं में आसानी से प्राप्त हो जायेंगे। तब हम मान सकते है कि भारत में युद्ध विद्या का इतिहास अत्यंत प्राचीन है। विश्वभर में इन अस्त्र शस्त्रों के सहारे लड़े जाने वाली अनेक कलाएं मौजूद है इसके अतिरिक्त ऐसी युद्ध विद्याएं भी मौजूद है जिनमें किसी अस्त्र का प्रयोग नहीं किया जाता है। आप और हम में से कई लोग उन्हें जूडो, कराटे, वुशु, मिक्स मार्शल आर्ट्स, कुंग फु, आई कादो, शाओलिन , ताइक्वांडो आदि आदि। लेकिन क्या आप जानते है इन सभी के जन्म कहां से हुआ ? अगर नही जानते हैं तो मैं आपको बता दूं कि प्राचीनकाल में भारत आने वाले विदेशी यात्री ने न केवल भारत से ज्ञान और पदार्थो को आयत किया अपितु उन्होंने भारत में पाई जाने वाली कलाएं पर सिद्धहस्तता प्राप्त की। कालांतर में वे जब इन कलाओं को अपने देशों में ले गए तो परिस्थिति अनुसार उनके बदलाव करके नए स्वरूपों में सामने लाए। भारत में प्राचीन युद्ध कलाओं कलरीपयट्टू , सिलबम्म , गतका, हुयेन लेंगलॉन, वर्माकलाई, मल्लयुद्ध, कुत्तू वारीझाई आदि उपस्थित है , इन सभी मार्शल आर्टस में जो प्रमुख रूप से सर्वाधिक प्राचीन माना जाता है उसमे कलरीपयट्टू एक प्रमुख विधा के रूप के सामने आता है।

कल्लरी विश्व में पाया जाने वाला सबसे प्राचीन जीवंत मार्शल आर्ट्स है। कल्लरी के उद्भव की कहानी भी बेजोड़ है , कल्लरी का उद्भव आज से करीब 2500 वर्ष पहले से माना जाता है। इसका सर्वप्रथम उल्लेख संगम काल (६०० बीसीई से ३०० बीसीई) के प्रसिद्ध ग्रंथ शिल्प्पदीकाराम से प्राप्त होता है जिसमें उल्लेख किया गया है कि सेना का प्रत्येक योद्धा कल्लरी का कठोर अभ्यास किया करता था। स्थानीय लोकगीतों में इसको 3000 वर्षो से अधिक प्राचीन बताया जाता है और वे इसका श्रेय हिंदू देवी देवताओं को देते है। ऋग्वेद में उल्लेख मिलता है कि देवराज इंद्र ने वृत्तासुर नामक राक्षस के मर्म स्थलों पर प्रहार (कल्लरी का प्रयोग) कर उसका अंत किया। कल्लरी में बताए गए 108 मर्म स्थलों का उल्लेख बाद में 6ठी शताब्दी के आयुर्वेदाचार्य सुश्रुत ने अपने ग्रंथ में सुश्रुत संहिता में बताया कि अगर इन मर्म स्थलों पर किसी हथियार अथवा हाथों से प्रहार किया जाता है तो व्यक्ति की मृत्यु तक हो सकती है।

कल्लरी के उद्भव में दूसरी कहानी जो की मलयाली लोकजीवन में मिलती है कि लोकगीतों में भगवान परशुराम की वंदना की गई है क्योंकि उनको कल्लरी का आद्यगुरु माना गया है। परशुराम ने भगवान शिव से इस विद्या को ग्रहण किया और उन्होंने अपने तपस्थल केरल में कल्लरी की शिक्षा देना प्रारंभ किया , उन्होंने केरला के 108 शिष्यों को कल्लरी में विशेषज्ञता प्रदान की और 21 गुरुओं को शत्रु विनाश के लिए दक्ष किया। धनुर्वेद में समस्त भारतीय युद्ध कलाओं का वर्णन है कल्लरी का उल्लेख वहां से प्राप्त होता है।

कालांतर में केरल में रहने वाली नायर और एजहावा नामक जातियां कल्लरी की वंशानुगत परंपरा जो जीवित किए हुए है। प्राचीन काल में सैनिक अथवा रक्षकों ने इसका उपयोग युद्ध कौशल की दृष्टि से प्रारंभ किया। 9वी शताब्दी के दौरान कलरिप्पायट्टू और अधिक विकसित हो गया क्योंकि सैनिकों ने केरल की सीमाओं और राजा के रक्षा उद्देश्यों के लिए इस तकनीक का अभ्यास किया। लेकिन यह 11 वीं और 12 वीं शताब्दी के दौरान चलने वाले 100 साल के युद्ध (300 बी सी- 1279 ए डी) के दौरान चेर, चोल और पांड्य राज्यों के बीच गौरव का चरम बन गया। इसका पहला पश्चिमी उल्लेख पुर्तगाली अन्वेषक बर्बोसा दुआर्ते का मिलता है : " स्थानीय लोकगीत वदक्कन पत्तुकल के अनुसार प्रसिद्ध चेकवारी महिलाएं इसका अभ्यास करती थी , वे उरूमि या लचीली तलवार की निपुण योद्धा थी।" एक्सहेट्टर विश्वविद्यालय के प्रोफेसर फिलिप कल्लरी को कम से कम 12 सदी पुराना बताते है।

चूंकि कलारीपायट्टू रक्षा युद्ध का सबसे पुराना रूप है, इसे मार्शल आर्ट्स की मां कहा जाता है, केवल भारत से ही अन्य एशियाई देशों ने कराटे, कुंगफू और जिउ-जित्सु जैसे मार्शल आर्ट के अपने तरीके को विकसित किया जो चीन और अन्य सुदूर पूर्व में फैल गया था।

कल्लरी प्रशिक्षण

कल्लरी को परंपरागत रूप से सिखाने के लिए प्रशिक्षण स्थल को वास्तुशास्त्र के अनुसार तैयार किया जाता है , स्थल का प्रवेश द्वार पूर्व की ओर तथा मुख्य द्वार केंद्र के दाहिनी ओर बनाया जाता है। प्रशिक्षण स्थल के दक्षिण पश्चिम में पुत्तारा की स्थापना की जाती है। यह एक सात परतों वाला मंच होता है जिस पर कल्लरी के संरक्षक देवता परमभगवती (काली / शिव) की स्थापना की जाती है। प्रत्येक सत्र के प्रारंभ करने से पहले संरक्षक देवता की पूजा अर्चना की जाती है। इसके अतिरिक्त प्रशिक्षण स्थल को फर्श के तल से 3 से 4 फुट नीचे बनाया जाता है , साथ ही इसमें गीली लाल मिट्टी का प्रयोग किया जाता है।

कल्लरी प्रशिक्षण की मुख्यतया दो शैलियां प्रचलित है।

उत्तरी शैली :

इस प्रकार की शैली का अभ्यास उत्तरी मालाबार के क्षेत्रों में किया जाता है , इस शैली में हथियारों से लड़ने पर अधिक जोर दिया जाता है इसके अतिरिक्त इसको सिखाने के लिए गुरुकुल का प्रयोग किया जाता है। इस शैली में कल्लरी सिखाने की शुरुआत मेयपयाट्टू से की जाती है इसके अतिरिक्त चातुट्टी थिरुमल (पैरों की मालिश) से की जाती है।

दक्षिणी शैली :

इस प्रकार की शैली वाले कल्लरी का प्रयोग नायर / नादर द्वारा पुराने ट्रावनकोर के क्षेत्रों में किया जाता है। इसमें हाथों की आमने सामने की लड़ाई पर जोर रहता है , कहा जाता है कि इस विधा के जनक महर्षि अगस्त्य थे। इस शैली में कल्लरी सीखने का एक क्रम निश्चित है चुवातु (एकल) , जोड़ी (युगल) , कउरउन्थआदई (छोटी छड़ी/यष्टि) , नेदुवादी (लम्बी छड़ी) कट्टी (चाकू) , कटारा (कटार) , वलुम परिचयुम (लचीली तलवार) आदि है।

कल्लरी सीखने क्या क्रम :

मेयपयाट्टू :

यह कल्लरी सीखने का प्रारंभिक स्तर है इसमें शरीर को नियंत्रित और व्यवस्थित करना , मांसपेशियों और जोड़ों का व्यायाम करना , द्रुत व्यायाम (चट्टोम:उछलना , उत्तन:दौड़ना) आदि होते है। मांस्पेशियों के उचित उपचार करने के लिए कल्लरी चिकित्सा का प्रयोग किया जाता है।

कोल्थारीपयाट्टू :

यह कल्लरी का दूसरा चरण है, इसमें लकड़ी के हथियारों , ओट्टा (नुकीले हाथी दांत) , छोटे चाकुओं आदि अन्य हथियारों का उपयोग किया जाता है । इस क्रम का सारा प्रशिक्षण वैथारी कहलाता है।

अंकथारीपयाट्टू :

यह कल्लरी का तीसरा चरण है जिसके अंतर्गत नुकीले हथियारों के साथ युद्ध कौशल की कला सिखाई जाती है । तलवार , कवच , कटार ,कुल्हाड़ी, उरूमी (लचीली तलवार) आदि का अभ्यास करवाया जाता है। उरूमी के साथ कोई भी योद्धा उसको अपनी बेल्ट की तरह उपयोग कर सकता है और दुश्मन को यह भान भी नही होता है कि शत्रु किसी हथियार के साथ है।

वेरुमकाईपयात्तू :

यह कल्लरी सीखने का अंतिम चरण है इसमें हाथों की लड़ाई पर ज्यादा जोर दिया जाता है भले की दुश्मन किसी भी अस्त्र के साथ ही क्यों ना हो लेकिन आपको इस तरह से अभ्यास करवाया जाता है कि आप उससे आसानी से लड़ सकें।

